Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सायं 6:18 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में बुधवार
सुबह 6:25 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 232 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | मंगलवार, 11 मार्च 2025



हिना की कैंसर जर्नी में बॉयफ्रेंड...पेज-3 पर

## मोटापे के खिलाफ अभियान की सरकारी विभागों से शुरुआत

### सीएम ने अपर मुख्य सचिव को बनाया नोडल अधिकारी

देहरादून
हमारे संवाददाता

सीएम धामी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य में 'फिट उत्तराखंड' अभियान व्यापक स्तर पर चलाया जाए।

उन्होंने कहा कि फिट उत्तराखंड अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के नागरिकों को स्वास्थ्य, स्वच्छता और फिटनेस के प्रति जागरूक करना है, जिससे वे स्वस्थ जीवनशैली अपना सकें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर प्रदेश सरकार मोटापे के खिलाफ अभियान की शुरुआत सरकारी विभागों से करेगी।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपर मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन को इस अभियान के लिए नोडल अधिकारी बनाया है। उन्होंने एसीएस को सभी विभाग के साथ समन्वय बनाते हुए अभियान की विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने सचिवालय में बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य में 'फिट उत्तराखंड' अभियान व्यापक स्तर पर चलाया जाए। उन्होंने कहा कि फिट उत्तराखंड अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के नागरिकों को स्वास्थ्य, स्वच्छता और फिटनेस के प्रति जागरूक करना है, जिससे वे स्वस्थ जीवनशैली अपना सकें। इस अभियान में शैक्षणिक संस्थानों, सरकारी और गैर-सरकारी संगठनों को भी शामिल किया जाएगा ताकि अधिक से अधिक लोग इससे लाभान्वित हो सकें। उन्होंने निर्देश दिए कि फिट उत्तराखंड अभियान के तहत योग, व्यायाम और स्वास्थ्य जागरूकता अभियानों को बढ़ावा दिया जाए। साथ ही, स्कूल और कॉलेजों में खेल गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जाए ताकि युवा पीढ़ी शारीरिक रूप से अधिक सक्रिय और स्वस्थ रह सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मोटापा कम करने के लिए जागरूकता बढ़ाने का आह्वान किया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि लोगों को अपने खान-पान पर विशेष ध्यान देना चाहिए और खाने में तेल का उपयोग कम करने की आदत डालनी चाहिए। 'फिट उत्तराखंड' अभियान के माध्यम से इस संदेश को प्रदेशभर में प्रसारित किया जाएगा। सरकार का लक्ष्य है कि फिट उत्तराखंड अभियान का संदेश प्रदेश के हर नागरिक तक पहुंचे। इस अभियान के तहत विभिन्न माध्यमों से प्रचार-प्रसार किया जाएगा, जिससे आमजन अपनी दिनचर्या में फिटनेस को शामिल करने के लिए प्रेरित हों।

## News कॉर्नर

### पड़ोसी पर परिजनों से मारपीट का आरोप, मुकदमा दर्ज

रुद्रपुर। थाना ट्रांजिट कैंप निवासी एक व्यक्ति ने पड़ोसी पर परिजनों से मारपीट करने का आरोप लगाते हुए रपट दर्ज कराई है। जिसमें अनिल पुत्र प्रभुनाथ हाल निवासी निकट गोविन्द मंदिर, ट्रांजिट कैंप मूल निवासी ग्राम भाटपारानी थाना भाटपारानी जिला देवरिया, उत्तर प्रदेश ने कहा है कि उसके पड़ोस में रिहान व दीपक नाम के व्यक्ति किराये पर रहते है। रिहान ने उस पर आरोप लगाया कि छत पर गुटखा का रेपर फेंका है। मना करने पर दीपक, रिहान, दीपक के पिता व भाई ने मिलकर उसे, उसके भाई अंगद, भाभी अंकिता को बुरी तरह से मारापीटा। भाई की पत्नी अंकित 8 माह गर्भ से है जिनकी स्थिति इस समय नाजुक है उसका जिला अस्पताल में ईलाज चल रहा है। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### सिडकुल की एक कंपनी में ड्यूटी के दौरान विवाद,एक घायल

रुद्रपुर। सिडकुल की एक कंपनी में ड्यूटी को लेकर हुए विवाद में साथी कर्मी के हमले से एक श्रमिक गंभीर रूप से घायल हो गया। मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। गौरव कुमार पुत्र स्व- रूप किशोर का कहना है कि वह सिडकुल की एक कंपनी में कार्यरत है। 9 मार्च को उसकी शिफ्ट में कान्ट्रक्ट वर्कर अनूपम सिंह पुत्र अवेध सिंह की डियूटी थी। उसे दिन में 3 बजे के आस पास काम के लिये बोला गया तो वह काम के लिये राजी नही हुआ। इसकी सूचना कान्ट्रेक्ट सुपरवाइजर को दी तो ड्यूटी के बाद अनूपम सिंह ने जान से मारने की धमकी देकर उसके सिर पर लोहे की राड से वार किया जिससे उसके सिर पर खुली चोट आयी। उसने चिकित्सालय में इलाज करवाया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

### पर्यटकों को होगी आसानी

## सीएम धामी ने हरी झंडी दिखाकर किया चार हेली सेवाओं का शुभारंभ

देहरादून
हमारे संवाददाता

सीएम धामी ने कहा कि हेली सेवा की शुरुआत से अब इन क्षेत्रों की प्राकृतिक और सांस्कृतिक धरोहरों का आनंद लेने वाले पर्यटक यहां और भी आसानी से पहुंच सकेंगे।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को चार हेली सेवाओं का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया है। इन सेवाओं के जरिए जरिए देहरादून से नैनीताल, बागेश्वर और मसूरी और हल्द्वानी से बागेश्वर का हवाई सम्पर्क स्थापित हो गया है। हेली सेवाओंके शुभारंभ के मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि उड़ान योजना के अंतर्गत शुरू की जा रही इन चार हेली सेवाओं से राज्य में पर्यटन एवं आर्थिक विकास को गति मिलेगी।

बेहतर कनेक्टिविटी से स्थानीय लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आयेंगे। बागेश्वर नैनीताल और मसूरी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण हैं। इन क्षेत्रों की प्राकृतिक सुंदरता, शांत वादियाँ, हरे-भरे पहाड़, ऐतिहासिक मंदिर और समृद्ध संस्कृति देश और दुनिया भर के पर्यटकों को आकर्षित करती हैं। नैनीताल अपनी



मनोरम झीलों, नयना देवी शक्तिपीठ और कैंची धाम जैसे प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों के लिए प्रसिद्ध है। सरयू और गोमती नदी के पावन संगम पर स्थित बागेश्वर का क्षेत्र, पवित्र बागनाथ मंदिर और प्रसिद्ध उत्तरायणी मेले के लिए जाना जाता है। हेली सेवा की शुरुआत से अब इन क्षेत्रों की प्राकृतिक और सांस्कृतिक धरोहरों का आनंद लेने वाले पर्यटक यहां और भी आसानी से पहुंच सकेंगे।

राज्य में 18 हेलीपोर्ट्स से हेली सेवाओं के संचालन की दिशा में कार्य किया जा रहा है, जिनमें से अब तक 12 हेलीपोर्ट्स पर सेवाएं सफलतापूर्वक प्रारंभ की जा चुकी हैं। इन हेली सेवाओं से अब तक गौचर, श्रीनगर, चिन्यालीसौड़, हल्द्वानी, मुन्स्यारी, पिथौरागढ़, पंतनगर, चंपावत और अल्मोड़ा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों को सफलतापूर्वक जोड़ा जा चुका है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, विधायक उमेश शर्मा काऊ, खजानदास, सविता कपूर, बृज भूषण गैरोला, मेयर देहरादून सौरभ थपलियाल, प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु, सचिव सचिन कुर्वे, गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पाण्डेय, मुख्य कार्यकारी अधिकारी युकाडा सोनिका, वर्चुअल माध्यम से विधायक सुरेश गड़िया, पार्वती दास, राम सिंह कैड़ा एवं अन्य जन प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## युवक पर फायरिंग, युवक लहूलुहान
## बस्ती में भगदड़ मची, हायर सेंटर रेफर

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

**कार्रवाई**
- आक्रोशित लोगो ने रम्पुरा चौकी का घेराव किया

सोमवार की रात खेड़ा कालोनी में युवक पर फायर झोंक दिया। इससे युवक के गोली कंधे में पार हो गई। उसे आनन-फानन में सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे। चिकित्सकों ने उसकी हालत गंभीर बताते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटना के विरोध में कालोनी के लोगों ने चौकी रम्पुरा का घेराव किया। हमलावर कच्ची शराब बेचने वाले बताए जा रहे हैं। पुलिस ने घायल युवक की मां की तहरीर पर दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। वार्ड 19 खेड़ा कालोनी उत्तरी निवासी

शन्ति पत्नी स्व. राम गुलाम ने पुलिस को तहरीर सौंपी। तहरीर में कहा कि उसके घर के पड़ोस में गुरचरन सिंह उर्फ चन्नी पुत्र सिंगाड़ा सिंह निवासी रेशमबाड़ी वार्ड 13 रुद्रपुर का रहने वाला है। आरोप है कि वह अवैध कच्ची दारू बेचने का काम करता है। कालोनी के लोग और उसके पुत्र सोनू दारू बेचने से मना करता था। कई बार पुत्र ने उक्त व्यक्ति से घर के पास कच्ची शराब बेचने से मना किया। इसी बात से पुत्र से दुश्मनी रखने लगा। सोमवार की शाम 7 बजे उक्त गुरचरन सिंह उर्फ चन्नी अपने साथी मनीष उर्फ मोनू पुत्र प्रदीप निवासी वार्ड 19, खेड़ा, उत्तरी बगिया के रहने वाले के साथ घर के पास कच्ची शराब बेच रहा था। पुत्र सोनू ने शराब बेचने से मना किया। तभी गुरुचरन सिंह उर्फ चन्नी पुत्र के साथ गाली गलौज करते हुए जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए हमला कर और तमंचा निकाल चन्नी ने जान से मारने की नियत से पुत्र के ऊपर गोली चला दी। गोली पुत्र के दाहिना कंधे पर लगी। पुत्र लहूलुहान हालत में सड़क गिर गया। हमलावर मौके से फरार हो गये ।

पुत्र को सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां चिकित्सकों ने पुत्र की हालत गंभीर देख हायर सेंटर रेफर कर दिया। एसएसआई ललित मोहन रावल ने बताया कि हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। तलाश की जा रही है। बता दें कि घटना के विरोध में कालोनी के लोगों ने चौकी का घेराव कर कच्ची शराब बेचने के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई। लोगों का कहना था कि कालोनी में लंबे समय से कच्ची शराब बेची जा रही।

कई बार पुलिस से शिकायत की गई। मगर कोई कार्रवाई नहीं होती। उधर वार्ड के पार्षद सुनील बाबा, मनीष गुप्ता समेत कई अन्य लोग भी चौकी पहुंचे।

## कोतवाली से महज तीन सौ मीटर दूरी पर बेरीनाग निवासी युवकों से की लूट

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

नगर पूरी तरह अपराधियों के हवाले है पुलिस रात्रि गश्त का तो दावा करती है आ रही है लेकिन रात्रि गश्त के नाम पर नगर में पुलिस नाम की कोई भी चीज नजर नहीं आती है। नगर के लोग वारदात के अपने आप को ठगा महसूस कर रहे है।

अपराधियों ने इस बार कोतवाली से महज तीन सौ मीटर दूर रोडवेज के पास रविवार रात एक वारदात ने क्षेत्र में सनसनी मचा दी। बेरीनाग के तीन दोस्त अपने घर लौटने के लिए गाड़ी का इंतजार कर रहे थे, तभी दो बदमाशों ने उन्हें घेरकर डरा-धमकाकर उनके पास से 2300 रुपये लूट लिए। इस जघन्य लूट के बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।


पिथौरागढ़ जिले के बेरीनाग माछिखेत निवासी राहुल सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह अपने दो दोस्तों रितिक पाठक और दीपक रौतेला के साथ रविवार रात रोडवेज के पास खड़े थे, तभी दो अज्ञात युवकों ने उनकी बुरी तरह से घेराबंदी की और उनकी संपत्ति लूट ली। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज से लूटपाट करने वालों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है। कोतवाल राजेश यादव ने कहा कि इस घटना को लेकर जल्द ही आरोपियों को पकड़ने के लिए छानबीन की जा रही है।

## पर्वतीय जिलों में 13 व 14 मार्च को मौसम बिगड़ने के आसार

देहरादून
हमारे संवाददाता

प्रदेश के पर्वतीय जिलों के ऊंचाई वाले इलाकों में एक बार फिर मौसम बदल सकता है। 13 व 14 मार्च को मौसम बिगड़ने के आसार हैं। हालांकि पर्वतीय जिलों में मौसम बदलने से मैदानी इलाकों के तापमान में कोई खास असर दिखने वाला नहीं है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार 13 व 14 मार्च को प्रदेश के पर्वतीय जिलों में हल्की बारिश होने की संभावना जताई गई है। हालांकि आज (मंगलवार) प्रदेश भर में मौसम शुष्क रहेगा।

मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह ने बताया, पश्चिमी विक्षोभ का असर कम होने की वजह से हल्की बारिश की संभावना है। सोमवार को



पर्वतीय जिलों में बादल छाए रहे। लेकिन मैदानी इलाकों में अधिकतम तापमान सामान्य से दो से तीन डिग्री अधिक दर्ज किया गया। दून के तापमान की बात करें तो दून का अधिकतम तापमान तीन डिग्री बढ़ोतरी के साथ 29 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। जबकि टिहरी का अधिकतम तापमान सामान्य से एक डिग्री की कमी के साथ 19 डिग्री दर्ज किया गया।

डीजीआरई चंडीगढ़ ने चमोली को हिमस्खलन के डेंजर लेवल तीन पर रखा है। आपदा प्रबंधन विभाग ने आम लोगों से अपील की है कि बर्फबारी व हिमस्खलन की जानकारी लेते रहे, बर्फबारी वाले क्षेत्रों में अति आवश्यक है तब ही आवागमन करें। डीजीआरई चंडीगढ़ की ओर से चमोली जिले के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हिमस्खलन की चेतावनी जारी की गई है। 10 मार्च शाम पांच बजे से 11 मार्च शाम पांच बजे तक जिले में हिमस्खलन हो सकता है। इसको देखते हुए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने आम लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार डीजीआरई चंडीगढ़ ने चमोली को हिमस्खलन के डेंजर लेवल तीन पर रखा है। आपदा प्रबंधन विभाग ने आम लोगों से अपील की है कि बर्फबारी व हिमस्खलन की जानकारी लेते रहे, बर्फबारी वाले क्षेत्रों में अति आवश्यक है तब ही आवागमन करें। घरों, गोशालाओं की छत पर अधिक बर्फ एकत्रित न होने दें, हिमस्खलन घटित क्षेत्रों में अत्यधिक सावधानी बरतें।

# सखी मेरे दोनों हाथ रंग से भरे हैं...

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नगर की प्रतिष्ठित धार्मिक संस्था श्री राम सेवक सभा में फागोत्सव के तहत सोमवार को एकल होली गायन स्वर्गीय चंद्र लाल साह की स्मृति में किया गया जिसमें 25 से ज्यादा होलियारों ने अपनी प्रस्तुति दी।

इस दौरान मल्लिका कला केंद्र के 17 विद्यार्थियों ने होली का रंग जमाया तो शर्मिष्ठा बिष्ट एवं आनंद बिष्ट ने होली गाकर कार्यक्रम की शान बढाई तथा मुक्त कंठ से होली गायन कर होली का रंग बिखेरा। नरेश चम्याल तथा दीपा चौधरी तथा रक्षित साह, संगीता बिष्ट तथा रुद्राक्ष वर्मा, जतिन कुमार व सरिता त्रिपाठी, वंदना पांडे, सुशील पांडे, संजय कुमार,आदित्य कुमार व वीरेंद्र व भूमि बुदलाकोटी तथा परी साह, ऋषभ रैकवाल तथा रिया व अनुष्का,ऋचा सनवाल, पूजा,मोनिका तथा अवर्णिका जोशी, निर्मल जोशी, भूमिका गोस्वामी व कैलाश जोशी ने होली गाकर आनंदित किया। इसी क्रम में राहुल जोशी,नीरज सती, गिरीश भट्,नरेश चम्याल तथा कैलाश जोशी ने तबला तथा हारमोनियम व लोटे पर संगीत दिया।



होलियारों ने मिथिला में खेले होली---, मत मारो तम मारो पिचकारी---, धावा बोले हैं गिरधारी----, चंद्र वेदनी खोलो द्वार---, सखी मेरे दोनों हाथ रंग से भरे हैं---, भीगे मोरी चुनरिया---, मोरी आंखों में दारी गुलाल --- तथा बिरज में आज होली खेले कान्हा---,होलियन में पड़त गुलाल--होली खेल रहे नंदलाल---, मारो नंदलाल मारो पिचकारी---,मृगनयनी के पार --- तथा नैनो में डाले गुलाल--- तथा मोपे डालो न रंग गिरधारी प्रस्तुत कर होली के रंगों की बौछार की, सभी होलियारों को प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया तथा आभार व्यक्त किया गया। संचालन मुकेश जोशी तथा प्रो. ललित तिवारी ने किया। सभा परिवार के मुताबिक अब मंगलवार (आज) अपराह्न 2 बजे स्कूली बच्चों की होली प्रस्तुति होगी।

## प्राचीन गंगनाथ मंदिर में होली महोत्सव आज

**नैनीताल ।** नगर के चिड़ियाघर की पहाड़ी पर स्थित प्राचीन गंगनाथ मंदिर में मंगलवार (आज)को महिला होली का विशेष आयोजन किया जाएगा। मंदिर के पुजारी संतोष पांडे के मुताबिक कार्यक्रम अपराह्न एक बजे से होगा। उसके बाद होल्यारों को प्रसाद वितरित किया जाएगा। पांडे ने सभी होल्यारों से अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करने की गुजारिश की है।



## मां पाषाण देवी मंदिर में होली महोत्सव की धूम

**नैनीताल ।** नगर के ठंडी सडक् स्थित श्री मां पाषाण देवी मंदिर में सोमवार को मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य जगदीश चंद्र भट्ट के नेतृत्व में होली महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान आमंत्रित होल्यारों ने एक से बढ़कर एक होली गीत गाकर मंदिर क्षेत्र का माहौल होलीमय कर दिया। इस मौके पर होली खेलन आए रघुबीर---,बरसे लाल गुलाल अबीर--,आई होली बरसों बाद आयी होली--- समेत कई होली गाए गए। इस दौरान डा.प्रगति जैन, कमला उप्रेती,मंजू रौतेला,शोभा तिवारी, दीपा जोशी,रजनी चौधरी, कविता भट्,विनिता भट्,कल्पना बिष्ट,दीपा खोलिया,कुसुम सनवाल, मंजू डालाकोटी,गीता नैनवाल,सविता साह, भावना साह, सुनीता चौधरी समेत अमित डालाकोटी, प्रमोद सुयाल, पप्पू बिष्ट, गौरव जोशी, विनोद तिवारी तथा सौरभ नैनवाल आदि मौजूद रहे। अंत में होल्यारों को प्रसाद वितरित किया गया।



## नैनी महिला एवं बाल विकास समिति सूखाताल में होली महोत्सव

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नैनी महिला एवं बाल विकास समिति सूखाताल में सोमवार को होली महोत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पालिकाध्यक्ष डॉ. सरस्वती खेतवाल ने सभी होलियारों कों शुभ आशीष दिया। इस मौके पर समिति के होल्यारों ने एक से बढ़कर एक होली गीतों की प्रस्तुति से माहौल होलीमय बना दिया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि कुविवि के डीएसबी परिसर के पत्रकारिता व जन संचार विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो.गिरीश रंजन तिवारी ने होली के महत्व के बारे में चर्चा की साथ ही सभी को होली की मुबारकबाद दी। होली महोत्सव में सूखाताल वार्ड की पालिका सभासद गजाला कमाल समेत भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष कविता गंगौला, पूर्व सभासद निर्मला चन्द्रा, रेखा आर्य, प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता, कुसुम तिवारी, ममता रावत, सुमन, शांति, प्रेमा, गीता, शालू, मोहिनी तथा भावनाए आदि उपस्थित रहे। इससे पूर्व समिति की अध्यक्ष शैलजा सक्सेना ने समिति परिवार की ओर से सभी का स्वागत किया।

## मुनस्यारी में केएमवीएन के स्नो स्कीइंग प्रशिक्षण का समापन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

कुमाऊं मंडल विकास निगम द्वारा संचालित बेटूलीधार मुनस्यारी में स्नो स्कीइंग प्रशिक्षण का सोमवार को समापन हो गया। कुमाऊं मंडल विकास निगम के प्रबंधक (साहसिक पर्यटन) दिनेश गुरु रानी ने कहा कि 5 दिनों से चले स्नो स्कीईग प्रशिक्षण का समापन पर सोमवार को क्षेत्रीय विकास अधिकारी मुनस्यारी जगदीश प्रसाद टम्टा द्वारा पौधारोपण के साथ छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर किया।

क्षेत्रीय विकास अधिकारी टम्टा ने कहा कि स्नो स्कीइंग का प्रशिक्षण भविष्य में मील का पत्थर साबित हो सकता है । यहां की विषम भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए सासिक खेलों के कार्यक्रम यहां पर आयोजित किए जाते रहने चाहिए। कुमाऊं मंडल विकास निगम द्वारा भी यहां पर सराहनीय प्रयास किया गया उन्होंने युवाओं से कहा कि वह भी इस प्रकार के कार्यक्रमों से जुड़े। कार्यक्रम का संचालन करते हुए दिनेश गुरु रानी ने कहा कि बेटुलीधार में 5 मार्च से चल रहे स्नो स्कीईंग प्रशिक्षण कार्यक्रम में छात्र.छात्राओं को प्रतिदिन हिमालय बचाओ अभियान से जोड़ते हुए पौधारोपण किया गया। स्वच्छता कार्यक्रम चलाए गए। प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत पर्यटकों को भी स्कीईग से जोड़ा गया । इसी क्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा नंदा देवी मंदिर परिसर में मंदिर के प्रमुख पुजारी देव सिंह पापला के सहयोग से पौधारोपण किया गया । उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण में 21 छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

उन्होंने कहा कि दूसरा चरण खलियाटॉप में रास्ता खुलते ही किया जाएगा ।उन्होंने कहा कि कुमाऊं मंडल विकास निगम द्वारा ही वर्ष 1991 से लगातार समय समय पर यहां पर स्कीइंग के प्रशिक्षण दिए गए ।समापन समारोह में प्रशिक्षक लक्ष्मण राम, कुशल राम, मनोज कुमार, प्रियांशु कुमार, राहुल कुमार, आवास गृह के प्रबंधक केदार सिंह सामंत कमल रावत, गौरव कुमार, कल्याण राम, नरेंद्र कुमार, मनोज, हेम पंत, हरीश, गोपाल बिष्ट, नरेंद्र सिंह ,चंचल सिंह व छात्र व छात्राएं उपस्थित रहे । इस अवसर पर पर्यटक आवास गृह परिसर में क्षेत्र विकास अधिकारी जे पी टम्टा द्वारा पौधारोपण किया गया।

## NEWS / फटाफट

### प्रताप बिष्ट के पुनः भाजपा जिलाध्यक्ष बनने पर खुशी



**नैनीताल ।** भाजपा जिलाध्यक्ष पद पर प्रताप सिंह बिष्ट को नैनीताल का पुनः जिलाध्यक्ष बनने पर नैनीताल मंडल में भी खुशी की लहर है। पार्टी कार्यकर्ताओं के मुताबिक प्रताप सिंह बिष्ट के अपनी कार्यशैली और सभी को साथ लेकर चलने वाले व्यक्तित्व के कारण ही सभी कार्यकर्ताओं की पसंद हैं। प्रताप सिंह बिष्ट के पुनः नैनीताल जिलाध्यक्ष बनने पर सांसद नैनीताल व पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय भट्,विधायक सरिता आर्या,मंडल अध्यक्ष नितिन कार्की, पूर्व मंडल अध्यक्ष आनंद सिंह बिष्ट, महामंत्री मोहित लाल साह, मोहन सिंह नेगी, दया किशन पोखरिया, अरविंद सिंह पडियार, गोपाल सिंह रावत,भूपेंद्र सिंह बिष्ट, लाल सिंह बिष्ट, खजान सिंह डंगवाल,रोहित भाटिया,आशु उपाध्याय,संतोष कुमार आर्य, डा. मोहित सिंह रौतेला, जीवंती भट्, शांति मेहरा, विमला अधिकारी, दीपिका बिनवाल,कविता गंगोला, सभासद मनोज साह जगाती, भगवत सिंह रावत,गजाला कमाल तथा लता दफौटी आदि ने खुशी व्यक्त की है। उधर इस दौरान भाजपा नगर अध्यक्ष नितिन कार्की, सांसद प्रतिनिधि मनोज जोशी, पूर्व पालिका अध्यक्ष संजय वर्मा, विक्की राठौर, विकास जोशी, मीनू बुढ़लाकोटी, कमर खान, विकास जोशी विक्की, पाशु वेदी, दिव्यांन जोशी, आरती, सोनू साह, अमिता साह, पात्र साह आदि मौजूद रहे।

### सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण को लेकर कार्यक्रम

**नैनीताल ।** पर्वतीय महिला ग्राम विकास समिति के द्वारा उत्तर पूर्व क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र दीमापुर नागालैंड, संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से हिमालय की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण संवर्धन और विकास पर आधारित पारंपरिक लोक कलाओं का प्रशिक्षण एवं लोक कलाओं पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बता दें कार्यक्रम में कलाकारों द्वारा देवभूमि उत्तराखंड की शैली पर आधारित वंदना समेत झोड़ा, चांचरी तथा छपेली आदि की एक से बढ़कर एक शानदार प्रस्तुति की गई। समिति के मुख्य गायक अमित बुधोरी एवं मुख्य गायिका ज्योति रावत द्वारा एकल गीत भी प्रस्तुत किए गए।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

## प्रेमचंद अग्रवाल को बर्खास्त की मांग को लेकर ज्ञापन भेजा

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

मंडल मुख्यालय नैनीताल में सोमवार को उत्तराखण्ड राज्य आंदोलनकारी क्रांतिकारी मोर्चा द्वारा प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान के तहत उत्तराखंड की अस्मिता स्वाभिमान के खिलाफ उत्तराखण्ड की जनता को अभद्र भाषा और गाली देने वाले उत्तराखण्ड सरकार के संसदीय कार्य मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल को अविलंब बर्खास्त करने की मांग को लेकर डीएम दफ्तर के प्रांगण में जमकर नारेबाजी करके प्रेमचंद अग्रवाल को बर्खास्त करने की मांग को लेकर ज्ञापन प्रेषित किया गया। अपर जिलाधिकारी के माध्यम से प्रेषित किये गए ज्ञापन में प्रधानमंत्री भारत सरकार, भारतीय जनता के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से अविलंब रूप से प्रेमचंद अग्रवाल को मंत्री मंडल और भारतीय जनता पार्टी की प्राथमिक सदस्यता समाप्त किये जाने की मांग की गई। जिलाधिकारी कार्यालय के समीप संक्षिप्त सभा में राज्य आंदोलनकारियों ने प्रदेश सरकार को स्पष्ट रूप से चेतावनी देते हुए कहा कि अगर प्रेमचंद अग्रवाल के खिलाफ सख्त कार्यवाही नहीं की जाती है तो राज्य आंदोलनकारी क्रांतिकारी प्रदेश की जनता को लामबंद करके जनांदोलन के लिए बाध्य होंगे। सभा की अध्यक्षता राज्य आंदोलनकारी क्रांतिकारी मोर्चा के जिलाध्यक्ष गणेश सिंह बिष्ट द्वारा तथा संचालन क्रांतिकारी मोर्चा के नगर अध्यक्ष शाकिर अली द्वारा किया गया। मंडल मुख्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम जिलाध्यक्ष रज आंदोलनकारी गणेश सिहं बिष्ट, शाकिर अली, कंचन चंदोला, डा. सुरेश डालाकोटी, मुकेश जोशी, महेश चन्द्र जोशी, मनोज जोशी, मनमोहन सिंह कनवाल, हरेन्द्र सिंह, वीरेंद्र जोशी, दीवान सिंह, इंदर सिंह नेगी तथा मुनीर आलम व मुकुल कांडपाल आदि राज्य आंदोलनकारी शामिल रहे।

## नैनीताल में तिब्बत के 66वें राष्ट्रीय जन आंदोलन दिवस पर बाजार में सामूहिक पूजा

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

जिला मुख्यालय नैनीताल में सोमवार को तिब्बती समुदाय के लोगों ने स्थानीय तिब्बती युवा कांग्रेस के तत्वावधान में तिब्बत के 66वें राष्ट्रीय जन आंदोलन दिवस के विशेष मौके पर तिब्बती बाजार में अपने प्रतिष्ठानों को बंद रखकर सुबह 9.30 बजे से लेकर 11.30 बजे तक तिब्बती बाजार में सामूहिक पूजा अर्चना की।

बता दें कि आज ही के दिन 10 मार्च 1959 को तिब्बत के राजधानी लहासा में जनता ने पहली बार चीनी सरकार के खिलाफ अपनी आवाज उठाई थी। सोमवार को उस दिन को 66 वर्ष हो गए हैं। इसी दिन को लेकर तिब्बती समुदाय की ओर से मल्लीताल स्थित तिब्बती मार्केट में सामूहिक पूजा का आयोजन किया गया तथा लोगों के योगदान को याद किया गया, साथ ही विश्व शांति की कामना भी की गई।




बौद्ध मठ के गुरुजी ने पूजा संपन्न कराई। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि सोमवार (10 मार्च 2025) को चीनी कम्यूनिस्ट आक्रमण के खिलाफ तिब्बती लोगों की वीरता पूर्ण विद्रोह की 66वीं वर्षगांठ है। कहा कि इतिहास का एक महत्वपूर्ण क्षण जो सभी तिब्बतियों के दिलों में गहराई से गूंजता है। कहा कि यह हमारे देश के अटूट प्रतिरोध और न्याय, सम्मान और स्वतंत्रता के लिए स्थाई लड़ाई का शक्तिशाली अनुस्मारक है।

इस दौरान स्थानीय तिब्बती युवा कांग्रेस के सचिव तेनजिंग संगमो, उपाध्यक्ष ताशी टॉपगेल, पीआरओ तेनजिन दावा, पेमा चोपफेल, नोरबू छिरिंग, येशी थुप्तेन, केलसंग यांगडोन, छिरिंग पेलकी, सोनम नॉजोम, तेनजिंग धोन्योई समेत अन्य तिब्बती समुदाय के लोग मौजूद रहे।

पूर्व प्रधान संपादकः
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# अभिमत

## न्यायालय का अधिकार

*न्यायपालिका दलगत राजनीति, धर्म, जाति, क्षेत्रवाद, भाषावाद से अछूती है। न्यायपालिका संविधान को सर्वोपरि मानती है और परिस्थितिजन्य जनहित तथा राष्ट्रहित के मामलों में स्वतः संज्ञान लेकर कई बार निर्णय करती है। न्यायपालिका अपनी परिधि और अधिकार से बाहर नहीं जाती है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि अदालतों के पास अनुसूचित जातियों की सूची में कुछ जोड़ने या उसमें बदलाव करने का अधिकार नहीं है, यह अधिकार केवल संसद के पास है। शीर्ष अदालत ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि वह संसद के काम में हस्तक्षेप नहीं करती है।*

सरकार के कार्य के विरोध में न्यायपालिका द्वारा फैसला सुनाए जाने पर कई बार मंत्री नाराजगी जाहिर कर चुके हैं। कांग्रेस नीत संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन की सरकार के कार्यकाल में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने गुस्से में टिप्पणी की थी, जिसे लेकर राष्ट्रीय स्तर पर बहस छिड़ गई थी। न्यायपालिका दलगत राजनीति, धर्म, जाति, क्षेत्रवाद, भाषावाद से अछूती है। न्यायपालिका संविधान को सर्वोपरि मानती है और परिस्थितिजन्य जनहित तथा राष्ट्रहित के मामलों में स्वतः संज्ञान लेकर कई बार निर्णय करती है। न्यायपालिका अपनी परिधि और अधिकार से बाहर नहीं जाती है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि अदालतों के पास अनुसूचित जातियों की सूची में कुछ जोड़ने या उसमें बदलाव करने का अधिकार नहीं है, यह अधिकार केवल संसद के पास है। शीर्ष अदालत ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि वह संसद के काम में हस्तक्षेप नहीं करती है। सच यह है कि जातिवाद पर आधारित आरक्षण हमेशा से विवादित और अन्यायपूर्ण रहा है, परन्तु राजनीतिक हित के कारण सरकार विवाद बनाये रखना चाहती है। सुप्रीम कोर्ट ने देश के सभी राज्यों में अनुसूचित जातियों की सूची में अरे-कटिया (खटिक) समुदाय को शामिल करने की मांग वाली याचिका पर विचार से इन्कार करते हुए यह टिप्पणी की। तेलंगाना राज्य अरे-कटिया संघ ने अर्जी में कहा था कि समुदाय दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों में एससी श्रेणी में शामिल है, ऐसे में पूरे देश में समुदाय को अनुसूचित जातियों की सूची में शामिल किया जाए। इस मामले से यह साबित हो गया है कि आरक्षण का उद्देश्य किसी जाति और दलितों का उत्थान नहीं है। सिर्फ और सिर्फ वोट की राजनीति के लिए आरक्षण को जरिया बनाया जा रहा है। हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में जाट तथा राजस्थान में गुर्जर आंदोलन हिंसक होते रहे हैं। आंदोलनकारियों ने कई बार तोड़फोड़, आगजनी और रेल यातायात बाधित कर करोड़ों का नुकसान किया है। आरक्षण को लेकर जब भी आंदोलन से कानून व्यवस्था बिगड़ती है तो सरकार निर्णय लेने से कतराती है। कुछ राज्यों ने खटिक जाति को आरक्षण किस आधार पर दिया, जबकि यह अधिकार सिर्फ संसद को है। अर्थशास्त्री और संविधानविदों ने जाति आधारित आरक्षण रद्द कर आर्थिक आधार पर सभी धर्म व जातियों को आरक्षण का सुझाव दिया है। शीर्ष अदालत ने भी संसद से अपने अधिकार का सदुपयोग करने की बात कही है।

# अवे ऑल बोट्स कार्यक्रम का आयोजन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

5 यूके नेवल एनसीसी यूनिट नैनीताल में सोमवार को अवे ऑल बोट्स कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसे मेजर जनरल रोहन आनंद (सेना मेडल) अतिरिक्त महानिदेशक उत्तराखंड एनसीसी द्वारा फ्लैग ऑफ किया गया। यह कार्यक्रम उनके सम्मान में नौ सैनिक परंपरा और नौ सैनिक तत्परता का प्रदर्शन था।

अवे ऑल बोट्स एक समुद्री परंपरा है जो किसी जहाज की तैयारियों और उसकी पहचान को उसकी नौकाओं के माध्यम से प्रदर्शित करती है। ऐतिहासिक रूप से जब कोई नौ-सैनिक बेड़ा किसी बंदरगाह पर पहुंचता था तो सबसे पहला कार्य अपनी नौकाओं को पानी में उतारकर आवश्यक सामग्री जल और संपर्क के लिए, उन्हें तैनात करना होता था। यह कार्य जहाजों की कुशलता और तत्परता को दर्शाता था और एक तरह से जहाजों के बीच प्रतिस्पर्धा का प्रतीक भी था। समय के साथ यह अभ्यास एक आधुनिक रूप में विकसित हुआ जिसका उद्देश्य बेड़े की समुद्री योग्यता और उनकी टीम की तैयारी को परखना है। बता दें कि इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए 5 यूके




नेवल एनसीसी यूनिट नैनीताल ने अवे ऑल बोट्स अभ्यास का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स ने व्हेलर, सेलिंग बोट्स और कयाक्स जैसी विभिन्न प्रकार की नौकाओं को प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम के दौरान अतिरिक्त महानिदेशक उत्तराखंड एनसीसी मेजर जनरल रोहन आनंद ने कैडेट्स से बातचीत की और अपने प्रेरणादायक संबोधन के माध्यम से उन्हें प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि एनसीसी कैडेट्स इस देश के उज्ज्वल भविष्य और सशक्त रक्षा व्यवस्था के स्तंभ हैं। उनके समर्पण व अनुशासन और कड़ी मेहनत की बदौलत ही हमारे देश को अनुशासित युवा मिलते हैं। यह अवे ऑल बोट्स केवल योग्यता का प्रदर्शन नहीं बल्कि आपके आत्मविश्वास व टीम वर्क और नेतृत्व क्षमता का प्रमाण है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप सभी भविष्य में भी इसी जोश और लगन से अपने कर्तव्यों का पालन करेंगे। देश को आपसे बहुत उम्मीदें हैं और मुझे गर्व है कि आप इन उम्मीदों पर खरे उतर रहे हैं। इस आयोजन में एनसीसी ग्रुप मुख्यालय नैनीताल के ग्रुप कमांडर कमोडोर बी.आर. सिंह, कमांडिंग ऑफिसर कैप्टन चंदर विजय नेगी, लेफ्टिनेंट कर्नल रोहित ए.एस. पंवार, सब लेफ्टिनेंट डॉ. रीतेश साह तथा यूनिट स्टाफ और कैडेट्स उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया

**नैनीताल ।** जिले के भीमताल ब्लाक के ज्योलीकोट में द हंस फाउंडेशन द्वारा 70 ग्रामीणों को चश्मे वितरण तथा स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। परियोजना समन्वयक देवेन्द्र पासवान तथा सामाजिक सुरक्षा अधिकारी सुरेश जिनोटी ने हंस फाउंडेशन द्वारा दी जा रही निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं के बारे विस्तृत जानकारी दी और बताया शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को और भी अन्य सेवाएं दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि पूर्व में लगाए गए नेत्र चिकित्सा शिविर में 70लोगों का निशुल्क चश्मे के लिए चयन किया गया था।

द हंस मोबाइल मेडिकल टीम में परियोजना समन्वयक देवेन्द्र पासवान, डॉ0 सुनिल कुमार, एसपीओ सुरेश जिनोटी, प्रीति रावत, दिलबाग सिंह तथा कैलाश पाठक व रवि लाल आदि उपस्थित थे।

## धूमधाम से मनाया गया पत्रकार प्रेस परिषद (भारत) का होली मिलन समारोह कार्यक्रम

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

**आयोजन**

- **विधायक शिव अरोरा,महापौर विकास शर्मा, पीपीपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष आसिफ अली ने किया शुभारंभ**
- **सांसद अजय भट्ट ने मुख्य अतिथि पहुंच कार्यक्रम की सराहना की**

पत्रकार प्रेस परिषद (भारत) की ओर से आयोजित होली मिलन व पत्रकार सम्मान समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्था के कलाकारों समेत परिषद से जुड़े पत्रकारों ने शानदार प्रस्तुतियां देकर समां बांध दिया।

पत्रकार प्रेस परिषद (भारत) के कई पत्रकारों ने होली गीत व फिल्मी गाने प्रस्तुत किए?। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पहुँचे नैनीताल ऊधम सिंह नगर लोकसभा सीट से सांसद अजय भट्ट ने कार्यक्रम की सराहना की और होली पर्व की शुभकामनाएं दी। इससे पूर्व पत्रकार प्रेस परिषद केभारत) के राष्ट्रीय अध्यक्ष आसिफ अली, विधायक शिव अरोरा, महापौर विकास शर्मा, पूर्व पालिका अध्यक्ष मीना शर्मा, कांग्रेस जिला अध्यक्ष हिमांशु गावा, भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष धीरेंद्र मिश्रा, व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा, भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेश मंत्री नेत्रपाल मौर्या ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद कलाकारों ने गणेश वंदना प्रस्तुत कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद कलाकारों ने गढ़वाली-कुमाउंनी लोकनृत्यों की प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान सांसद अजय भट्ट ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सांस्कृतिक चेतना को जागृत करते हैं। पत्रकारिता जगत को एकजुटता का संदेश देते हैं। उन्होंने पत्रकार प्रेस परिषद (भारत) के प्रयासों की सराहना करते हुए भविष्य में भी इस तरह के आयोजनों की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिषद के प्रदेश अध्यक्ष अशोक गुलाटी व जिला महामंत्री महेंद्र पोपली संचालन परिषद के नोएडा से आये सईद अब्बास ने की।

इस अवसर पर परिषद के जिला अध्यक्ष नरेंद्र राठौड़,महानगर अध्यक्ष, परमपाल सुखीजा, अमन सिंह समेत सुरेंद्र गिरधर, बरित सिंह, प्रमोद कुमार आदि मौजूद रहे।

# फिल्मी दुनिया

## हिना की कैंसर जर्नी में बॉयफ्रेंड रॉकी ने दिया साथ






*हिना खान टीवी, फिल्मों में अपने उम्दा अभिनय के लिए जानी जाती हैं। साथ ही उन्होंने कैंसर से एक लंबी जंग भी लड़ी है, वह एक फाइटर है। हिना की इस कैंसर जर्नी में सबसे ज्यादा सपोर्ट उन्हें बॉयफ्रेंड रॉकी से मिला। वह खुद को खुशनसीब मानती हैं, जो उन्हें इतना अच्छा पार्टनर मिला। हिना कुछ लंबे समय से कैंसर की बीमारी का इलाज करा रही हैं। हाल ही में उनकी कीमोथेरेपी सेशन पूरे हुए। इस पूरे ट्रीटमेंट के दौरान हिना खान पूरी तरह से एक्टिव रहीं, साथ ही एक वेब सीरीज में भी नजर आईं। हिना खान को इस जर्नी के दौरान सबसे ज्यादा सपोर्ट अपने बॉयफ्रेंड रॉकी से मिला। हाल ही में उन्होंने रॉकी से मिले सपोर्ट के बारे में बात की और काफी इमोशनल हो गईं। कर्ली टेल्स को दिए गए हालिया इंटरव्यू में हिना खान बताती हैं, 'मैं कैंसर जर्नी में रॉकी हमेशा साथ खड़े रहे। मैं जब भी उनका नाम लेती हूं, जो मेरा गला भर आता है। उन्होंने जो सपोर्ट मुझे दिया, उसे शब्दों में बयां नहीं कर सकती हूं। उनके जैसा पार्टनर हर महिला को मिलना चाहिए।' यह सब कहते हुए हिना खान काफी इमोशनल हो जाती हैं। हिना खान और रॉकी के रिलेशनशिप की बात करें तो ये दोनों लगभग 12 साल से साथ हैं। रॉकी से हिना की मुलाकात, उनके पहले सीरियल के सेट पर हुई। एक बार वह रॉकी से गले मिली और उन्हें अहसास हुआ कि दोनों एक-दूसरे के लिए बने हैं।*

### दोनों के शौक एक जैसे हैं

*हिना खान इंटरव्यू में बताती हैं कि रॉकी और उनके शौक एक जैसे हैं। दोनों को खाने का शौक है, ट्रैवलिंग का शौक है। इस वजह से दोनों के बीच एक बॉन्ड आसानी से बन गया था। हिना कहती हैं, 'मैं रॉकी को हमेशा कहती हूं कि जैसे तुम मुझे प्यार करते हो, वैसा प्यार मैं नहीं कर पाती हूं। लेकिन इस बात का अहसास रॉकी मुझे कभी नहीं होने देता है। हिना खान कैंसर ट्रीटमेंट के दौरान ही एक वेब सीरीज 'गृहलक्ष्मी' में भी नजर आईं। यह एक क्राइम-ड्रामा सीरीज थी। हिना खान के काम को इस सीरीज में काफी पसंद किया गया था। आगे भी वह चैलेंजिंग रोल करने की ख्वाहिश रखती हैं।*

## लिंग कोटा आवश्यकता या भेदभाव विषय पर वाद-विवाद

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

विद्या सेतु- 2025 कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल की पहल पर चाणक्य लॉ कॉलेज रुद्रपुर में पोस्टर प्रतियोगिता, मैनेजमेंट गेम्स तथा कार्यस्थल में लिंग कोटा आवश्यकता या भेदभाव विषय पर वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बता दें कि इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रोफेसर गीता तिवारी अपर निदेशक आईक्यूएसी रही। सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया तत्पश्चात् कालेज के चेयरमैन एस0 पी0 सिंह द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया। वाद विवाद प्रतियोगिता में पक्ष में रितिका भट्ट प्रथम स्थान पर तथा मानसी गुप्ता द्वितीय स्थान पर रही जबकि विपक्ष में शांभवी सिंह प्रथम स्थान तथा हर्ष हर्षवर्धन द्वितीय स्थान पर रहे। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में मानसी गुप्ता प्रथम स्थान पर तथा शिवानी अग्रवाल द्वितीय स्थान पर रहे तथा मैनेजमेंट गेम्स में मानवी सक्सेना की टीम विजेता रही। अपने वक्तव्य में प्रोफेसर तिवारी द्वारा छात्र/छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा गया कि उन्हें समय.प्रबंधन को सीखना चाहिए और तनाव मुक्त रहकर अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर रहना चाहिए। उन्होंने कहा छात्रों को खेलकूद, संस्कृतिक तथा मूट कोर्ट आदि जैसे क्लबों का स्वयं गठन करना चाहिए और उन पर कार्य करना चाहिए। जिससे उनमें रिसर्च की प्रवृति विकसित होगी। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद प्रेषित करते हुए कॉलेज की प्राचार्या डॉक्टर दीपाक्षी जोशी ने कहा कि विद्या सेतु के माध्यम से विश्वविधालय तथा कॉलेज मिल कर विद्यार्थी को अधिक सुविधाएं तथा मार्गदर्शन दे सकते हैं। वाद विवाद प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल में प्राध्यापक सलीम अहमद, अनिल कुमार एवं आयशा अमीन शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन जोहा अंसारी तथा वंश शाह द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्राध्यापक प्रतिभा सिंह, डॉ0 रूबीना, डॉ0 हरकमल कौर, डॉ0 निशा, उपासना तिवारी, दीपाली नाबियाल, आकांशा रघुवंशी, अनुज सिकदर तथा दीपक गोस्वामी आदि शामिल थे।

## News कॉर्नर

### कूटा ने भारत की आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में जीत पर दी बधाई

**नैनीताल।** कुमाऊं विवि शिक्षक संघ (कूटा) ने भारत की आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में 12 साल के अंतराल के बाद जीत पर भारतीय टीम को बधाई दी है । कूटा ने देशवासियों को भी जीत की बधाई दी है तथा हर्ष व्यक्त किया है। कहा कि जीत जबरदस्त थी तथा भारत ने अपने सारे मैच जीते जो गर्व हैं। कूटा ने कहा कि भारतीय टीम ने जीत दर्ज कर देशवासियों को होली का उपहार दिया है। कूटा की तरफ से भारत की शानदार जीत पर यूटा एवं कूटा अध्यक्ष प्रो.ललित तिवारी समेत डॉ. विजय कुमार, प्रो.नीलू लोधियाल,डॉ दीपक कुमार,डॉ संतोष कुमार,डॉ पैनी जोशी,डॉ दीपिका पंत,डॉ अनिल बिष्ट ,डॉ उमंग सहित डॉ. रितेश साह,डॉ युगल जोशी सहित डॉ शिवांगी, डॉ दीपाक्षी जोशी ने खुशी व्यक्त करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### विकास पुस्तिका का विमोचन किया

**नैनीताल ।** जिले के भीमताल विकास खंड के सभागार में विकास खंड भीमताल की विकास पुस्तिका का विमोचन के विशेष मौके पर क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी सुरेन्द्र सिंह बिष्ट ने एक कुमाऊंनी गीत की प्रस्तुति से लोगों का मन मोह लिया। इस मौके पर बिष्ट को अतिथिगणों की ओर से शाल ओढ़ाकर सम्मानित करते हुए उनके बेहतर उज्जवल भविष्य की कामना की गयी। इस अवसर पर कालेज की छात्राओं द्वारा गणेश वंदना सहित पहाड़ से पलायन को लेकर एक प्रस्तुति से लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में सांसद और पूर्व केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन मंत्री अजय भट्ट, ब्लॉक भीमताल के प्रशासक डा. हरीश सिंह बिष्ट, मुख्य विकास अधिकारी अशोक कुमार पाण्डेय, खंड विकास अधिकारी भीमताल तथा क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी सुरेन्द्र सिंह बिष्ट सहित विकास खंड भीमताल के सभी ग्राम सभाओं के प्रशासक सहित कई गणमान्य उपस्थित थे।

# पंतनगर में आयोजित प्रशिक्षण में सभी विकास खंडों से कृषकों ने किया प्रतिभाग

**पंतनगर**

हमारे संवाददाता

जनपद के कृषकों को ग्रीष्मकालीन धान के स्थान पर अन्य वैकल्पिक फसलें मक्का, गन्ना, दलहनी फसलें (उर्द, मूंग, लोबिया), तिलहनी फसलें (सूरजमुखी) सब्जी व बागवानी फसलों का उत्पादन के सम्बन्ध में प्रशिक्षित/जागरूक करने हेतु गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्यौगिकी विश्वविद्यालय पन्तनगर में आयोजित होने वाले किसान मेले में प्रशिक्षण का आयोजन पन्तनगर विश्वविद्यालय के सहयोग से कराया गया। प्रशिक्षण में जनपद के समस्त विकासखण्डों से कृषकों ने प्रतिभाग किया। इसमें विकास खण्ड जसपुर से 336, काशीपुर से 333, बाजपुर से 323, गदरपुर से 304, खटीमा से 440, सितारगंज से 430 एवं रूद्रपुर से 674 कृषकों) को प्रतिभाग कराया गया। प्रशिक्षण में डॉ जितेन्द्र क्वात्रा, निदेशक, प्रसार शिक्षा एवं डॉ बीडी सिंह के सहयोग से प्रशिक्षण कार्यक्रम को व्यवस्थित किया गया। प्रशिक्षण में डॉ अमित भट्नागर, प्राध्यापक, सस्य विज्ञान विभाग, के द्वारा मक्का उत्पादन से सम्बन्धित जानकारियां, डॉ गुरविन्दर सिंह, प्राध्यापक, सदस्य विज्ञान विभाग ने फसलों जल प्रबन्धन एवं कृषि में जल की महत्ता के सम्बन्ध में, डॉ एएस जीना, प्राध्यापक, अनुवांशिकी एवं पादप प्रजनन विभाग, के गन्ना उत्पादन से सम्बन्धित जानकारियां डॉ वीके सिंह, प्राध्यापक, सस्य विज्ञान विभाग, के द्वारा जायद में ली जाने वाली दलहनी फसलों के उत्पादन सम्बन्धी जानकारी, डॉ एमएस नेगी, प्राध्यापक समेत विभिन्न फसल चक्रों के बारे में जानकारी दी। जिसमें थान-सब्जी मटर-मक्का फसल चक्र को सबसे उपयुक्त बताया जिससे कृषक अधिक आय का सृजन कर सकता है। डॉ एसके मौर्या, वरिष्ठ शोध अधिकारी, सब्जी विज्ञान विभाग, के द्वारा ग्रीष्मकालीन धान के स्थान पर सब्जी उत्पादन के सम्बन्ध में कृषकों को जानकारियां उपलब्ध करायी गयी। प्रशिक्षण के अंतिम दिन कृषकों को ग्रीष्मकालीन धान के स्थान पर अन्य वैकल्पिक फसलों की खेती कर आय सृजन करने हेतु प्रोत्साहित करने हेतु जिलाधिकारी नितिन भदौरिया, कुलपति डॉ मनमोहन सिंह चौहान, मुख्य कृषि अधिकारी डॉ अभय सक्सेना, एवं राजेन्द्र शर्मा, उपरियोजना निदेशक आतमा, ऊधम सिंह नगर आदि मौजूद रहे ।




# खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मिलावट खोरों पर कसा शिकंजा

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

रंगों का पर्व होली के त्योहार को लेकर खाद्य सुरक्षा विभाग व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने सोमवार को शहर में मिठाई की दुकानों व जनरल स्टोर में छापेमारी की। इस दौरान एक दुकान में भारी मात्रा में एक्सपायरी तिथि के मसाले रखे मिले। टीम ने दुकान स्वामी को नोटिस देकर अन्य पांच दुकानों से सेंपल भरे हैं।

बता दें कि होली के त्यौहार को लेकर खाद्य सुरक्षा विभाग ने अभियान शुरू कर दिया है। सोमवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारी अभय सिंह तथा राजस्व निरीक्षक प्रकाश सैनी ने शहर के विभिन्न दुकानों में छापेमारी की। टीम के अधिकारियों के मुताबिक उन्हें मल्लीताल नैनी मेगा मार्ट में निरीक्षण के दौरान भारी मात्रा में एक्सपायरी तिथि के मसाले रखे मिले, वहीं मौके पर दुकान का लाइसेंस भी नहीं पाया गया। टीम ने दुकान से पनीर का सेंपल लेकर स्वामी को नोटिस जारी किया है। जिसके बाद टीम ने मिठाई की दुकानों का निरीक्षण कर साफ सफ ाई रखने व मानकों के अधीन ही खाद्य सामग्री बेचने के निर्देश दुकान संचालकों को दिये।

अभय सिंह ने बताया कि टीम ने मल्लीताल बाजार स्थित नाथ साह की दुकान से खोया तथा जू की कैटिन से आटा तथा तल्लीताल मोहन डेयरी से पनीर व बिष्ट मिष्ठान भंडार से गुजिया के नमूने भरे हैं जिनकों परीक्षण के लिए लैब भेजा जाएगा। बताया कि अभियान लगातार चलाया जाएगा।



**छापेमारी**

- एक दुकान स्वामी को नोटिस देकर अन्य पांच दुकानों से सेंपल भरे

# क्षतिग्रस्त कार लेकर लौटा गाइड तो पर्यटकों ने काटा हंगामा

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

पर्यटकों के वाहन को पार्क करने के लिए निकला गाइड घूमने चल दिया। घंटों इंतजार के बाद गाइड क्षतिग्रस्त कार लेकर पहुंचा तो पर्यटकों ने हंगामा कर दिया। पर्यटक शिकायत लेकर कोतवाली पहुंच गया।

बता दें कि सीतापुर (उत्तर प्रदेश) निवासी शिवशंकर वर्मा ने शिकायत देकर कहा है कि वह परिवार के साथ कैंची धाम के दर्शन को नैनीताल पहुंचे हुए थे। सुबह सवेरे पहुंचने पर उनको एक पर्यटन गाइड ने एक हजार रुपये में होटल दिलवाया। होटल में एंट्री करने के बाद गाइड ने उसका वाहन पार्किंग में लगा देने की बात कही। सुबह नौ बजे जब परिवार मंदिर जाने को तैयार हुआ तो गाइड को फोन कर उन्होंने वाहन होटल में मंगवाया। लेकिन तीन घंटे बीतने के बाद गाइड वाहन लेकर होटल पहुंचा। लेकिन वाहन क्षतिग्रस्त मिला तो पर्यटकों ने पूछा। वाहन की सीएनजी कम होने से उसके चलाये जाने की पुष्टि हुई हो पर्यटकों ने गाइड को दिखाया। लेकिन इस संबंध में गाइड पार्किंग से वाहन निकालने के दौरान क्षतिग्रस्त होने जाने की बात करने लगा। एसएसआई दीपक बिष्ट ने बताया कि नुकसान की भरपाई करने की बात पर दोनों पक्षों में समझौता हो गया। गाइड मल्लीताल निवासी शाहिल के खिलाफ पुलिस एक्ट में चालानी कार्रवाई की गई है।

### शिकायत के बाद ग्रिल में पेंट से पहले प्राइमर कार्य

**नैनीताल।** ग्रिल में प्राइमर नहीं लगने की शिकायत के बाद जांच के आदेश हुए तो ग्रिल में पेंट से पहले प्राइमर लगने लगा है। बता दें कि नैनीताल में ठंडी सडक़ पर सौंदर्याकरण का कार्य किया जा रहा है। रविवार को एक व्यक्ति की ओर से वहां लगे ग्रिल में बिना प्राइमर ग्रिल में पेंट करने की वीडियो बनाकर वायरल कर दी। वीडियो में पेंटर की ओर से बताया गया कि पेंट बड़े ठेकेदार साहब के आदेश पर किया जा रहा है। इस मामले में संयुक्त मजिस्ट्रेट वरुणा अग्रवाल ने संज्ञान लिया तो सोमवार को लोहे की ग्रिल में प्राइमर लगना शुरू हो गया है। जिसकी वीडियो बनाकर लोगों ने सोशल मीडिया में डाली है और प्रशासन का आभार जताया है।

# पंतनगर में आयोजित 117वां किसान मेले का समापन

**पंतनगर**

हमारे संवाददाता

जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने पंतनगर में आयोजित 117वां अखिल भारतीय किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी के समापन कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि के रूप में प्रतिभाग किया। जिलाधिकारी ने किसान मेले में लगे स्टॉलों का निरिक्षण विभिन्न उत्पादों के बारे विस्तृत रूप से जानकारी ली। डीएम ने कहा कि विश्वविद्यालय के 117वें अखिल भारतीय किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी के समापन कार्यक्रम में भाग लेने पर मुझे अत्यन्त प्रसन्नता हो रही है। इस विश्वविद्यालय का कृषि के विकास में बहुत बड़ा योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि स्थापना काल से ही यह विश्वविद्यालय कृषि शिक्षा, अनुसंधान, प्रसार एवं कृषि विकास के एक प्रमुख केन्द्र के रूप में जाना जाता है। किसान मेले में सर्वश्रेष्ठ स्टॉल पंजाब मोटर्स रूद्रपुर, उत्कृष्ट प्रदर्शनी स्टॉल मै. मनराल एग्रो इन्डस्ट्रीज गदरपुर व शुद्ध स्वच्छ भोजन उपलब्ध कराने हेतु महिला क्लब पंतनगर को जिलाधिकारी व कुलपति द्वारा प्रशस्ती पत्र व प्रतीक चिन्ह देकर पुरस्कृत किया गया। कुलपति कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्व विद्यालय डॉ मनमोहन सिंह चौहान ने विश्वविद्यालय की ओर से सभी अतिथियों का स्वागत एवं अभिनन्दन किया। मेले में वैज्ञानिकों द्वारा जो भी जानकारियां दी गयी है, उन जानकारियों को कृषक जरूर अमल में लाये व अपना उत्पादन व आमदनी बढाये तभी मेले की सार्थकता होगी। उन्होने कहा कि कृषक उन्नत बीजो व नई तकनिकों का उपयोग कर स्मार्ट फार्मिगं करे, विश्वविद्यालय हमेशा कृषकों के साथ है। निदेशक प्रसार शिक्षा जितेन्द्र क्वात्रा ने बताया कि मेले में 385 स्टॉल लगाये गये, लगभग 20 हजार से अधिक कृषकों में मेले में प्रतिभाग किया व मेले में लगभग 30 लाख की विक्री हुई।



### होली पर्व पर अवकाश को लेकर बैठक आयोजित

**नैनीताल।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद द्वारा जिलाधिकारी वंदना सिंह से 15 मार्च (शनिवार) को होली पर्व पर अवकाश घोषित करने का अनुरोध ऑनलाइन बैठक में निर्णय लेने के पश्चात किया है। साथ ही परिषद ने पशुपालन विभाग में अभी तक कर्मचारियों का वेतन नहीं निकलने पर खासा रोष व्यक्त किया गया। परिषद के जिलाध्यक्ष असलम अली ने बताया कि कुमाऊं मंडल में शास्त्र सम्मत के अनुसार 15 मार्च (शनिवार) को होली का पर्व मनाया जाना है।

# अतिक्रमण को चिह्नित कर चौड़ीकरण किया शुरू

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नगर के तल्लीताल डांठ के चौड़ीकरण के लिए भवाली व हल्द्वानी मार्ग के मुहाने पर भी काम शुरू कर दिया है। एसडीएम के नेतृत्व में विभिन्न विभागों की संयुक्त टीम ने क्षेत्र का निरीक्षण कर नाप कर पालिका के पुराने नक्शों से वर्तमान स्थिति का मिलान किया। टीम ने सडक़ किनारे अवैध अतिक्रमण को भी चिह्नित किया।

बता दें कि जिला प्रशासन के निर्देशों पर लोनिवि की ओर से शहर के सात चौराहों का चौड़ीकरण किया जा रहा है। तल्लीताल डांठ का चौडीकरण के बाद तल्लीताल भवाली व हल्द्वानी रोड के चौडीकरण पर भी काम शुरू कर दिया है।

जिसके चलते सोमवार को एसडीएम प्रमोद कुमार ने लोनिवि व नगरपालिका की टीम के साथ क्षेत्र का निरीक्षण किया। साथ ही सडक़ किनारे किये गए निर्माण कार्यों का जायजा लिया। टीम ने बस अड्डे के समीप आवंटित दुकानों की नाप की। साथ ही नगर पालिका के पुराने नक्शों से वर्तमान निरीक्षण व स्थितियों का आकलन किया गया। एसडीएम प्रमोद कुमार ने बताया कि बस अड्डे से नीचे की ओर से भी सर्वे किया जाएगा। जिसमें अवैध अतिक्रमण को चिह्नित कर हटाया जाएगा। जल्द सर्वे रिपोर्ट डीएम को भेजने के बाद चौड़ीकरण का प्लान तैयार किया जाएगा। निरीक्षण में पालिका ईओ विनोद जीना, लोनिवि के सहायक अभियंता जीएस जनौटी व अवर अभियंता विपिन पुरोहित व अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

# दस दिवसीय सरस आजीविका मेले का सोमवार को भव्य समापन

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

दस दिवसीय सरस मेले में देश के विभिन्न राज्यों से आए स्वयं सहायता समूहों की कुल रूपये 4,93,41,293-00 चार करोड़ तिरानब्बे लाख इकतालिस हजार दो सौ तिरानब्बे की बिक्री समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि विधायक लालकुंवाश्री मोहन सिंह बिष्ट ने प्रतिभाग किया। सरस आजीविका मेला 2025 अंतर्गत सोमवार को देर सांय समापन दिवस पर सास्कृतिक संध्या में उत्तराखंड के विभिन्न लोक कलाकारों द्वारा अपनी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। सरस आजीविका मेला 2025 में सबसे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्वयं सहायता समूहों में महिला *स्वयं सहायता समूह चम्पावत पूर्णगिरी प्रथम स्थान व शगुन महिला सहायता समूह हल्द्वानी पहाड़ी उत्पाद द्वितीय स्थान एवं गौल्यू सहायता समूह चंपावत लोहार की कारीगरी में तृतीय स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथियों द्वारा इन्हें प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सास्कृतिक संध्या कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ मोहन सिंह बिष्ट विधायक लालकुआं ने कहा कि महिला समूहों के उत्पादों को बाजार तक पहुँचाने के उद्देश्य से लगाए गए इस सरस आजीविका मेले में निश्चित रूप से हमारी महिला समूहों को जहाँ आर्थिक लाभ मिला है वहीं एक दूसरे की सस्क्रति को व उत्पादों को जानने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि सरकार ने महिला समूहों को आर्थिक रूप से मजबूत करने हेतु अनेक योजनाए संचालित की है। इस प्रकार के मेलों का आयोजन हर वर्ष सरकार द्वारा किया जा रहा है जिससे हमारी महिला स्वयं सहायता समूह एवं लोकल उत्पाद को बढ़ावा मिलेगा यह मेला राष्ट्रीय स्तर का है। उन्होंने मेले में अन्य राज्य से आए स्वयं सहायता समूह को आने के लिए उत्तराखंड सरकार की ओर से धन्यवाद दिया। सरस मेले के समापन पर मुख्य विकास अधिकारी अशोक कुमार पाण्डे ने सभी जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिक, स्थानीय जनता सहित, देश के विभिन्न राज्यों से आए स्वयं सहायता समूहों के प्रतिनिधियों, विभागों के अधिकारीयों, कर्मचारियों, सुरक्षा कर्मियों का आभार व्यक्त करते हुए बधाई दी और सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी गोपाल गिरी गोस्वामी, एपीडी चन्दा फर्त्याल सहित विभिन्न जनप्रतिनिधिगण, स्थानीय जनता विभिन्न राज्यों से आए स्वयं सहायता समूहों के प्रतिनिधि आदि मौजूद थे।

